*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

---

## 'हिंदी में भाषा प्रौद्योगिकी के संवर्धन की चुनौतियां' विषय पर हिंदी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी गुरुवार से

भाषाविज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग का आयोजन

वर्धा, 07 अप्रैल 2016: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'हिंदी में भाषा प्रौद्योगिकी के संवर्धन की चुनौतियां' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 7 से 9 अप्रैल के दौरान आयोजित की जा रही है। भाषा विज्ञान एवं भाषा प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा महामना पं. मदनमोहन मालवीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत विश्वविद्यालय में स्थापित 'हिंदी का शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्र' के तत्वावधान आयोजित संगोष्ठी का उदघाटन सात अप्रैल को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में हबीब तनवीर सभागार में दोपहर 3.00 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. वशिनी शर्मा और डॉ. विजय कुमार मल्होत्रा उपस्थित रहेंगे।

संगोष्ठी में कुल छह सत्रों में भाषा प्रौद्योगिकी : भारतीय परिदृश्य और हिंदी, भाषा प्रौद्योगिकी : वैश्विक परिदृश्य और हिंदी, भाषा प्रौद्योगिकी : अनुप्रयोग और हिंदी, सूचना प्रौद्योगिकी और हिंदी, भाषाविज्ञान : सैद्धांतिक और अनुप्रयुक्त पक्ष, भाषा संसाधन की चुनौतियां और हिंदी आदि विषयों पर विमर्श होगा तथा प्रपत्र पढ़े जाएंगे। विभिन्न सत्रों में प्रो. ठाकुर दास, डॉ. जयंती प्रसार नौटियाल, डॉ. रणजीत भारती, डॉ. धीरेंद्र प्रताप सिंह, बालेंदु दाधीच, डॉ. अनिल ठाकुर, डॉ. राजनारायण अवस्थी, डॉ. अनिल कुमार सिंह, प्रो. कृष्ण कुमार गोस्वामी, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. आत्माराम शर्मा, प्रो. उमाशंकर उपाध्याय, डॉ. संयुक्ता घोष, प्रो. रामबख्श मिश्र, डॉ. राम भावसार, डॉ. स्वाती मिश्रा आदि वक्ता अपने मंतव्य रखेंगे। प्रत्येक सत्र में प्रतिभागी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

संगोष्ठी का समापन शनिवार को दोपहर 3.00 बजे प्रो. कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में होगा। संगोष्ठी में सहभागिता करने की अपील संगोष्ठी निदेशक डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय, संयोजक डॉ. धनजी प्रसाद सह-संयोजक गिरीश चंद्र पाण्डेय तथा आयोजन समिति के सदस्य जगदीप सिंह दांगी, डॉ. एच. ए. हुनगुंद, डॉ. अनिल कुमार दुबे, डॉ. रवि कुमार अनिर्बाण घोष, पीयूष प्रताप सिंह, सन्मति जैन, संदीप कुमार तथा सुषमा लोखंडे ने की है।